टी. एस. सिंहदेव
T. S. Singh Deo

मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन,
वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.)
Minister
Government of Chhattisgarh
Public Health & Family Welfare,
Medical Education, Twenty Points Implementation,
Commercial Tax (GST)

No. 4829 /D.O./ 09 / 08 /2022

माननीय मनसुख जी,

**विषयः यूक्रेन में अध्ययनरत रहे मेडिकल छात्र–छात्राओं के अधुरे पाद्‌यक्रम को पूर्ण कराने हेतु शीघ्र नीतिगत निर्णय लेने बाबत्।**

**संदर्भः मेरा अर्द्ध शासकीय पत्र क्र. 1250, दिनांक 04.03.2022**

.....00.....

आप विदित ही होंगे कि, रूस–यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न हुई गंभीर परिस्थितियों के कारण यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे भारतीय मूल के सभी छात्र–छात्राओं को भारत सरकार द्वारा सकुशल वापस लाया गया है।

उल्लेखनीय है कि, बड़ी संख्या में लौटे छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के मेडिकल छात्र–छात्राओं के भविष्य एवं आगे की शिक्षा को लेकर मैंने अपने संदर्भित पत्र के माध्यम से आपसे तत्काल समुचित पहल का आग्रह किया है।

छत्तीसगढ़ यूक्रेन मेडिकल पैरेन्ट्स एण्ड स्टूडेन्ट एसोसिएशन, रायपुर का पत्र दिनांक 07.08.2022 मूलतः संलग्न हैं, जिसमें यूक्रेन से लौटे 207 छात्र–छात्राओं एवं उनके पालकों ने भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है, निश्चित ही आप भी छात्र–छात्राओं के भविष्य को लेकर किसी कार्ययोजना के अंतिम चरण में होंगे।

मेरा आपसे पुनः आग्रह है कि प्रभावित सभी छात्रों के अध्ययनरत् समयावधि को आधार मानकर देश के मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त सीटें आबंटित कर इन्हें समायोजित किया जाए, जिससे प्रभावित छात्र–छात्राओं का भविष्य सुरक्षित एवं सुनिश्चित हो सकेगा वहीं देश में डॉक्टरों की कमी दूर होगी एवं चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ जनमानस को प्राप्त हो सकेगा।

आशा है कि इस संवेदनशील विषय में शीघ्र नीतिगत निर्णय लेना चाहेंगे।

**भवदीय,**

( टी. एस. सिंहदेव )

**माननीय श्री डॉ. मनसुख मांडविया जी,**
**मंत्री, भारत सरकार,**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,**
**नई दिल्ली 110 011**

Residence : D-8, Civil Line, Raipur, Chhattisarh PH.: 0771-2331012, 2331013 (FAX), E-mail : tssinghdeominister@gmail.com
Office : Room No. M4-9, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Nawa Raipur, Atal Nagar, PH. : 0771-2221318, 2510319 (Fax)

T. S. Singh Deo

छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा,
बीस सूत्रीय कार्यान्वयन, वाणिज्यिक कर (जी.एस.
Minister
Government of Chhattisgarh
Panchayat & Rural Development,
Health & Family Welfare, Medical Education,
Twenty Points Implementation, Commercial Tax (G

No....1250..../D.O./04/03../2022

आदरणीय मांडविया जी,
प्रणाम।

विषय : यूक्रेन में अध्ययनरत रहे मेडिकल छात्र–छात्राओं की आगे की शिक्षा हेतु उचित व्यवस्था बाबत्।

—00—

आप विदित ही होंगे कि, यूक्रेन में जारी युद्ध के कारण वहां की स्थिति अत्यन्त ही गंभीर हो चुकी है। यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे भारतीय मूल के छात्र क्रमबद्ध वतन वापस लौट रहे हैं। इसी क्रम में बड़ी संख्या में भारत लौट रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अन्य प्रदेशो के मेडिकल छात्र–छात्राओं के भविष्य को लेकर मैं चिंतित हूं।

वर्तमान परिदृश्य में यूक्रेन में युद्ध समाप्ति एवं उसके बाद हालात सामान्य होने की स्थिति अनिश्चित है। मेडिकल की शिक्षा हेतु अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर यूक्रेन में बच्चों का अध्ययन करा रहे माता–पिता एवं अभिभावक बच्चों के भविष्य एवं आगे की शिक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं।

यूक्रेन संकट के कारण भारत लौट रहे मेडिकल के छात्र–छात्रायें अलग–अलग पार्ट में अध्ययनरत थे सबकी अलग–अलग स्थितियां हैं, किन्तु इस विकट परिस्थिति के कारण उन सभी छात्र–छात्राओं के भविष्य पर प्रश्न–चिन्ह लग गया है। अतः उन सभी छात्र–छात्राओं के बारे में हमें गंभीरता से विचार करना चाहिए।

मेरा व्यक्तिगत विचार है कि, मेडिकल की शिक्षा हेतु यूक्रेन जाने वाले छात्रों को यदि देश के समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों में एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत् समायोजित किया जाता है, तो वे सहर्ष तैयार होंगे। वर्तमान में यूक्रेन एवं अन्य देशों से मेडिकल की शिक्षा पूर्ण कर आये भारतीय छात्रों के रजिस्ट्रेशन के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का प्रावधान है। इसी तरह इसे भी विशेष प्रकरण मानते हुए प्रभावित छात्रों के

क्रमंशः......2

Residence : D-8, Civil Line, Raipur, Chhattisarh PH.: 0771-2331012, 2331013 (FAX), E-mail : tssinghdeominister@gmail.com
Office : Room No. M4-9, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Nawa Raipur, Atal Nagar, PH. : 0771-2221318, 2510319 (Fax)

**T. S. Singh Deo**

छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा,
बीस सूत्रीय कार्यान्वयन, वाणिज्यिक कर (जी.एस.

**Minister**
**Government of Chhattisgarh**
Panchayat & Rural Development,
Health & Family Welfare, Medical Education,
Twenty Points Implementation, Commercial Tax (G

No. 1250 /D.O./04/03/2022



मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए विचार–विमर्श पश्चात् ऐसी पद्धति अपनायी जाये जिसमें सभी छात्रों के अध्ययनरत् समयावधि को आधार मानकर स्क्रीनिंग टेस्ट के द्वारा मूल्यांकन उपरांत देश के मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त सीटें आबंटित कर उन्हें समायोजित किया जाए, ताकि प्रभावित छात्रों का भविष्य सुरक्षित व सुनिश्चित हो सके।

अपेक्षा है कि, इस संवेदनशील प्रकरण में तत्काल समुचित पहल करना चाहेंगे।

भवदीय

(टी. एस. सिंहदेव)

प्रति,

माननीय डॉ. मनसुख मांडविया जी,
मंत्री,
भारत सरकार,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
नई दिल्ली–11

Residence : D-8, Civil Line, Raipur, Chhattisarh PH.: 0771-2331012, 2331013 (FAX), E-mail : tssinghdeominister@gmail.com
Office : Room No. M4-9, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Nawa Raipur, Atal Nagar, PH. : 0771-2221318, 2510319 (Fax)

PARENT'S & STUDENT'S ASSOCIATION
(CGUMPSA)

- IN UNION THERE IS STRENGTH

CGUMPSA

Ref:CGUMPSA/HM/MEMO/01/AUG/2022

प्रति,
स्वास्थ्य मंत्री ,छत्तीसगढ़ शासन
रायपुर छत्तीसगढ़

दिनांक - 07/08/2022

विषय- यूक्रेन से वापस लौटे छत्तीसगढ़ के मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के छत्तीसगढ़ के ही मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के संदर्भ में,

महोदय,

जैसा कि आपको मालूम है की रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश से भी लगभग 207 छात्र-छात्राएं मेडिकल की अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ कर मार्च 2022 में भारत वापस आए थे, किंतु उनकी वापसी के कुछ ही दिनों में,भविष्य की अनिश्चितता की वजह से उनका सुख ,दुख में बदल गया और छात्र तथा उनके परिजन बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान हो गए तथा उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने हेतु वे दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है, इस दिशा में स्वयं संज्ञान लेते हुए माननीय स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने केंद्र सरकार को इन बच्चों का भविष्य सुनिश्चित करने हेतु दो बार पत्र भी लिखा एवं समय-समय पर राज्य सरकार ,एवं केंद्र सरकार से विभिन्न माध्यमों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस संबंध में गुहार लगाई ,छात्र-छात्राओं एवं परिजनों द्वारा दो बार माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत होकर अपना निवेदन भी दोहराया ,लेकिन अफसोस इतने प्रयासों के बावजूद ना तो केंद्र सरकार ने और ना ही राज्य सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जिसकी वजह से मजबूरन सैकड़ों परिवार भविष्य की अनिश्चितताओं के बीच अपना दिन गुजारने में मजबूर है, और उन्हें अपने जीवन भर की कमाई लुटाने और अपने बच्चों के बर्बाद भविष्य के अंधेरे के अलावा आगे कोई प्रकाश नजर नहीं आ रहा है-

**केंद्र सरकार ने इन बच्चों को केवल एक वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया और उनका राजनीतिक फायदा उठाकर उनको उनके हाल में ही छोड़ दिया और पुन: कोई सुध नहीं ली, लेकिन यह बच्चे राज्य सरकार के लिए एक असेट्स हैं एवं अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे अपनी सेवा अपने राज्य को ही देंगे अत: माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से प्रदेश के स्वास्थ्य सुविधाओं के मुखिया होने के नाते सादर अनुरोध है की वह इन बच्चों के भविष्य निर्धारण के दिशा में ठोस पहल करें एवं अन्य राज्यों की तरह इन सभी छात्रों को छत्तीसगढ़ प्रदेश के ही मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने के लिए केंद्र सरकार को पुन: पत्र प्रेषित करें एवं मीडिया के माध्यम से यह घोषणा करें कि छत्तीसगढ़ वापस आए यूक्रेन के सभी 207 छात्र-छात्राओं को प्रदेश के ही मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई हेतु दाखिला देने को सक्षम है एवं दृढ़ इच्छाशक्ति रखता है जिससे की इन छात्रों का भविष्य बिना कोई व्यवधान के सुनिश्चित हो सके तथा परिजनों द्वारा इन बच्चों की पढ़ाई में लगाई हुई गाढ़ी कमाई व्यर्थ ना हो,क्योंकि भारत के कॉलेजों में प्रवेश की अनुमति भले ही केंद्र सरकार दे किंतु राज्य सरकार अपने राज्य के बच्चों को अपने प्रदेश के कॉलेजों में पढ़ाने के लिए अपनी सहमति तो दे ही सकता है!**

महोदय हमें उम्मीद है कि आप हमें निराश नहीं करेंगे एवं बहुत जल्दी इस दिशा में अपना सकारात्मक कदम उठाएंगे और अपनी सहमति केंद्र सरकार को पत्र एवं मीडिया के माध्यम सेघोषणा बहुत जल्द सुनिश्चित करेंगे!

धन्यवाद

विनीत
समस्त यूक्रेन मेडिकल छात्र और परिजन छत्तीसगढ़

Mr ANIL KUMAR SHARMA
9752093604

Mr RAKESH KUMAR
8871021184

Mr BHOLA PATEL
7987396449

Mr A .SRINIVAS
9893900374